हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, मंगलवार 23 जून 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

06 विधायक, डीएम, एसपी ने कर्मचारियों संग योग...



07 चीता मित्रों संग बतियायी महामहिम खान, पान...



## खबर संक्षेप

### आज गढ़ाकोटा मंडी में नहीं होगी कृषि उपज की नीलामी

**गढाकोटा।** 23 जून मंगलवार को मंडी में कृषि उपज की नीलामी नहीं होगी। अनाज एवं तिलहन व्यापार संघ ने विभिन्न मांगों को लेकर प्रदेशव्यापी व्यापार महासंघ के आह्वान पर हड़ताल का फैसला लिया है। इस कारण मंडी का नीलामी काम पूरे दिन बंद रहेगा। गल्ला व्यापारी संघ अध्यक्ष कमलेश जैन ने बताया कि राज्य शासन द्वारा मंडी शुल्क में वृद्धि की गई है। इसके विरोध में महासंघ के आह्वान पर हड़ताल के दौरान व्यापारी नीलामी प्रक्रिया में शामिल नहीं होंगे। किसानों से अपील की है कि 23 जून आज उपज बिक्री के लिए मंडी न लाए। मंडी 24 जून से सामान्य व्यवस्था के अनुसार नीलामी फिर शुरू होगी।

### राहतगढ़ में कलेक्टर की अध्यक्षता में विशेष जनसुनवाई आज

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल द्वारा राहतगढ़ में 23 जून दिन मंगलवार को विशेष जनसुनवाई का आयोजन जनपद पंचायत राहतगढ़ में प्रात 11 बजे से किया जाएगा। इस दौरान ग्रामीणजन अपनी समस्याएं सीधे कलेक्टर के समक्ष रख सकेंगे। जनसुनवाई के दौरान राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं से संबंधित आवेदनों पर सुनवाई की जाएगी। मौके पर ही संबंधित विभागों के जिला और ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे, ताकि आवेदनों का निराकरण सुनिश्चित हो सके। कलेक्टर ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों को गंभीरता से लिया जाए और पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ तुरंत प्रदान किया जाए। इस पहल से ग्रामीणों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय तक नहीं आना पड़ेगा और स्थानीय स्तर पर ही उनकी शिकायतों का समाधान हो सकेगा। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने राहतगढ़ क्षेत्र के नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि इस विशेष जनसुनवाई में अधिक से अधिक उपस्थित होकर जनसुनवाई का लाभ लें।

### राजस्व अधिकारियो की समीक्षा बैठक 24 को

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल की अध्यक्षता में 24 जून दिन गुरूवार को प्रातः 11 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की बैठक आयोजित की जाएगी। बैठक में राहत शाखा / राजस्व आंकिक / स्थापना शाखा/सी.एम. मानिट/भू अर्जन / नजारत शाखा / न्यायिक शाखा के प्रभारी अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी (समस्त), परियोजना अधिकारी शहरी विकास प्राधिकरण, अधीक्षक, भू-अभिलेख, तहसीलदार / अपर तहसीलदार / नायब तहसीलदार (समस्त) समेत अन्य अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**सागर।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सागर जिले से हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार जिले को इस यात्रा के लिए 196 यात्रियों का आवंटन प्राप्त हुआ है। यात्रा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05 जुलाई निर्धारित की गई है। संभावित यात्रा प्रारंभ होने की तिथि 19 जुलाई 2026 है।कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार की जाए। आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सा प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं समग्र आईडी की जानकारी संलग्न करना आवश्यक होगा। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाएगा कि पूर्व में योजना का लाभ प्राप्त कर चुके व्यक्तियों के आवेदन स्वीकार न किए जाएं।

**मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने किए लाखों रुपए के विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण**

# सुरखी विधानसभा का हर गांव विकास की कहानी खुद बयां कर रहा है : मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ढगरानिया में लाखों रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण कर ग्रामीणों को विकास की महत्वपूर्ण सौगात दी। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंत्री श्री राजपूत ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार का मूल उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में विकास और जनकल्याण का नया अध्याय लिखा जा रहा है, वहीं मुख्यमंत्री मोहन यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है। सरकार की योजनाओं का लाभ सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंच रहा है, जिससे गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग का जीवन स्तर बेहतर हुआ है। मंत्री राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र में सड़क, पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई, विद्युत और सामुदायिक सुविधाओं के विस्तार के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं। आज क्षेत्र का प्रत्येक गांव विकास की नई पहचान बना रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार केवल घोषणाओं की राजनीति नहीं करती, बल्कि धरातल पर विकास कार्यों को मूर्त रूप देकर जनता के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम करती है।



मंत्री राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने गरीब कल्याण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से लाखों परिवारों को पक्के घर मिले हैं। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों की आर्थिक मजबूती का आधार बनी है। जल जीवन मिशन के माध्यम से हर घर तक नल से जल पहुंचाने का कार्य किया जा रहा है। उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है, जबकि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से गरीब परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश सरकार भी किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों के कल्याण के लिए अनेक योजनाओं का सफल संचालन कर रही है। लाड़ली बहना योजना महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण का सशक्त माध्यम बनी है। किसानों को सिंचाई, कृषि उपकरण और फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। प्रदेश सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इस अवसर पर मंत्री राजपूत ने ग्राम ढगरानिया में मंगल भवन, हनुमान जी मंदिर चबूतरा, सीसी रोड, सामुदायिक भवन सहित विभिन्न विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं लोकार्पण किया। उन्होंने कहा कि ये निर्माण कार्य ग्रामीणों की लंबे समय से चली आ रही मांगों को पूरा करेंगे तथा गांव के सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

मंत्री राजपूत ने कहा कि भाजपा सरकार की सोच केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की भी है। सरकार विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं, किसान हितैषी कार्यक्रमों और महिला सशक्तिकरण योजनाओं के माध्यम से समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है।

### जनता का विश्वास ही हमारी सबसे बड़ी ताकत

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार ने हमेशा जनता की छोटी से छोटी समस्याओं को समझकर उनके समाधान का प्रयास किया है। यही कारण है कि आज जनता का विश्वास भारतीय जनता पार्टी के साथ लगातार मजबूत हो रहा है। विकास, सुशासन और जनसेवा के संकल्प के साथ सरकार गांव-गांव तक सुविधाएं पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम के दौरान ग्रामीणों ने विकास कार्यों के लिए मंत्री राजपूत का स्वागत करते हुए उनका आभार व्यक्त किया। ग्रामीणों ने कहा कि क्षेत्र में निरंतर हो रहे विकास कार्यों से गांवों की तस्वीर बदल रही है और लोगों को बेहतर सुविधाएं प्राप्त हो रही हैं। कार्यक्रम में भागबाई सरपंच लक्षमण सिंह, सुन्दर, भूपेन्द्र सिंह, राहुल राजपूत, कमल पीपरा, प्रदुमान यादव, जितेन्द्र सिंह भैसा, लोकमन लोधी, मंडल अध्यक्ष कमल कुर्मी, भगवत शरण, रंगराज ठाकुर, रवि मगोलिया, रोहित सरपंच पीपरा, राजा फौजदार सीहोरा, विजय कुर्मी भैसा, अनिल पीपरा, महेन्द्र गुप्ता पीपरा, सोहन साहू, सरपंच अमर सिंह, अजीत सिंह सरपंच धर्मेन्द्र आदीवासी जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।



### नगर निगम कर्मचारियों ने विभिन्न मांगों के निराकरण हेतु निगम कार्यालय में धरना दिया

**सागर।** नगर निगम कर्मचारियों की विभिन्न लंबित मांगों एवं निगम प्रशासन द्वारा पूर्व में किए गए समझौतों के पालन नहीं किए जाने के विरोध में सोमवार को नगर निगम कार्यालय में कर्मचारी संघों के पदाधिकारियों के साथ निगम कार्यालय में धरना प्रदर्शन किया गया। जिसमें नगर निगम के विभिन्न कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर कर्मचारियों की समस्याओं एवं मांगों पर विस्तार से चर्चा की। बैठक को संबोधित करते हुए नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रांतीय सचिव एवं सागर संभाग प्रभारी राजेश सिंह राजपूत तथा कर्मचारी कल्याण मोर्चा के अध्यक्ष हरेंद्र खटीक ने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा कर्मचारियों की समस्याओं के निराकरण एवं मांगों की पूर्ति को लेकर पूर्व में कई बार आश्वासन दिए गए थे, लेकिन आज तक उन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। इससे कर्मचारियों में व्यापक असंतोष व्याप्त है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में कर्मचारियों को दो माह का वेतन भुगतान लंबित है, जिससे कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के समक्ष आर्थिक संकट की स्थिति उत्पन्न हो गई है। इसके अतिरिक्त कर्मचारियों की पदोन्नति, समयमान वेतनमान, लंबित एरियर भुगतान, स्थायी कर्मियों एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को रिक्त पदों पर नियमित किए जाने जैसी महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इस अवसर पर नगर निगम नगर पालिका कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष शईद उद्दीन कुरैशी, सुदेश सनकत, सूरज मछन्दर, राजेंद्र सनकत, कर्मचारी एवं कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## दो कारों की भिड़ंत में दूल्हा-दुल्हन समेत 8 घायल, सभी सागर रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई

बायपास रोड पर सोमवार को एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जहां दो कारों की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत में दूल्हा-दुल्हन समेत आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह घटना टीहर चौराहा के पास उस वक्त हुई, जब विदाई के बाद बारात से लौट रही कार को सामने से आ रही एक तेज रफ्तार गाड़ी ने टक्कर मार दी। सभी घायलों की नाजुक हालत को देखते हुए उन्हें प्राथमिक इलाज के बाद सागर रेफर किया गया है।

जानकारी के मुताबिक, खुरई देहात थाना क्षेत्र के तोड़ा काछी गांव के रहने वाले प्रहलाद कुशवाहा की शादी बीना के बेसरा गांव की पूजा कुशवाहा से हुई थी। शादी की रस्में पूरी होने और दुल्हन की विदाई के बाद सभी लोग अर्टिका कार से वापस लौट रहे थे। तभी सागर की ओर से आ रही एक सफारी कार ने सामने चल रहे ट्रक को ओवरटेक करने की कोशिश की और वह सीधे दूल्हा-दुल्हन की कार के सामने आ गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि अर्टिका कार के परखच्चे उड़ गए।



हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस को सूचना दी और मदद के लिए दौड़े। अर्टिका कार के भीतर दूल्हा-दुल्हन सहित सात लोग सवार थे, जिनमें से दो लोग गाड़ी के मलबे में बुरी तरह फंस गए थे। स्थानीय लोगों ने कड़ी मशक्कत के बाद कार के गेट तोड़कर उन्हें बाहर निकाला और सिविल अस्पताल पहुँचाया। इस घटना के बाद सिविल अस्पताल में घायलों के परिजन का गुस्सा फूट पड़ा। दूल्हे के रिश्तेदार सोनू कुशवाहा ने 108 एम्बुलेंस प्रबंधन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि अस्पताल परिसर में गाड़ियां खड़ी होने के बावजूद स्टाफ ने घायलों को सागर ले जाने में आनाकानी की।

समय पर मदद न मिलने के कारण परिजन को काफी परेशान होना पड़ा और आखिरकार उन्होंने निजी एम्बुलेंस का इंतजाम करके घायलों को सागर भेजा।

घटना की खबर लगते ही शहरी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दोनों दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर मामले की बारीकी से जांच शुरू कर दी है।

**कृषि उत्पादन आयुक्त ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि आदानों की समीक्षा**

# नकली खाद और बीज बेचने वालों पर करें एफआईआर : कृषि उत्पादन आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कृषि उत्पादन आयुक्त के सी गुप्ता ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि वह नकली खाद-बीज बेचने वाले फर्मों और व्यक्तियों कसे विरुद्ध सख्त कार्यवाही कराएँ। उन्होंने कहा है कि जाँच के दौरान अमानक स्तर का खाद-बीज मिलने पर हर प्रकरणों को अनिवार्यतः पुसिल में एफआईआर दर्ज कराएं। कृषि उत्पादन आयुक्त ने निर्देशित करते हुए कहा है कि प्रदेश के किसानों को उच्च गुणवत्ता का खाद-बीज मुहैया होना चाहिए। इसके लिए सभी कलेक्टर्स और कृषि विभाग के जिम्मेदार अधिकारी जवाबदेही के साथ नकली खाद-बीज बेचने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही सुनिश्चित कराएं। कृषि उत्पादन आयुक्त श्री केसी गुप्ता आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सागर एवं जबलपुर संभाग की खरीफ सीजन के लिए कृषि आदानों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।



कृषि उत्पादन आयुक्त ने सागर एवं जबलपुर संभाग में चालू खरीफ सीजन में खाद एवं बीज की उपलब्धता की जिलेवार समीक्षा करते हुए कहा कि कृषि अधिकारी गाँव में जाकर किसानों को संतुलित खाद के उपयोग करने की समझाइस दें। उन्होंने कहा कि किसान कितनी मात्रा में खाद का उपयोग करें तथा किस फसल में कितनी खाद की आवश्यकता पड़ती है इसकी जानकारी किसानों तक पहुंचाएं।कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि चालू खरीफ सीजन के लिए प्रदेश में समुचित मात्रा में खाद उपलब्ध है। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी कलेक्टर्स खाद का उठाव तेजी से कराएँ। कृषि उत्पादन आयुक्त ने नवीन ई-विकास उर्वरक प्रणाली के टोकन समय पर जनरेट करने एवं फॉर्मर आईडी में सभी खातों को जोड़ने हेतु किसानों के लिए ग्राम पंचायत स्तर पर शिविर आयोजित करने के भी निर्देश दिए।वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में कृषि उत्पादन आयुक्त ने कलेक्टरों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ दिलाएं। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन प्रकरणों का निराकरण नहीं हुआ है। उन प्रकरणों का निराकरण कलेक्टर्स प्राथमिकता के साथ कराएं। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही हैं। मध्यप्रदेश में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए सभी मैदानी कृषि अधिकारी सतत रूप से प्रयास करें।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने कहा कि किसानों को कृषि आवश्यकताओं के लिए सहजता एवं सुगमता के साथ अल्पकालीन ऋण मुहैया कराएं तथा कालातीत अल्पकालीन ऋणों की वसूली पर भी विशेष ध्यान दें। उन्होंने कहा कि हम सभी का लक्ष्य खरीफ सीजन में फसलों की उत्पादकता को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि सभी कलेक्टर्स एवं कृषि विभाग के अधिकारी फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सतत प्रयास करें। मौसम वैज्ञानिकों की कम बारिस की चेतावनी को दृष्टिगत रखते हुए किसानों को कम पानी में पकने वाली सफलें लेने के लिए प्रोत्साहित करें।

## 2 फीट ऊपर तक उछला, एक्सपर्ट बोले- ये सांपों का प्रजन्न काल



**खुरई।** रुसल्ला गांव में रविवार की शाम को एक नाग-नागिन का जोड़ा सड़क के बीचों-बीच करीब 15 से 20 मिनट तक एक-दूसरे से लिपटा रहा। इस अनोखे और दुर्लभ दृश्य को देखकर वहां से गुजरने वाले लोग ठिठक गए और उन्होंने तुरंत अपने मोबाइल निकाल कर इस पूरी घटना का वीडियो बना लिया। मौके पर मौजूद नरेंद्र कुमार ने बताया कि नाग-नागिन का यह जोड़ा एक-दूसरे में पूरी तरह गुत्थमगुत्था था। वे कभी हवा में करीब 2 फीट ऊपर तक उछल जाते, तो कभी सड़क पर रेंगते हुए अजब-गजब करतब दिखाने लगते। इस नजारे को देखने के लिए सड़क पर लोगों का मजमा लग गया, लेकिन डर की वजह से हर कोई दूर खड़े होकर ही यह तमाशा देखता रहा। करीब 20 मिनट तक सड़क पर डटे रहने के बाद यह जोड़ा खुद-ब-खुद पास की झाड़ियों की तरफ निकल गया। सांपों की इस हलचल को लेकर जब वन्यजीव एक्सपर्ट्स से बात की गई, तो उन्होंने अंधविश्वास और पुरानी कहानियों से पर्दा उठाया। विशेषज्ञों ने बताया कि गर्मी के खत्म होने और मानसून के ठीक शुरू होने से पहले का जो समय होता है, वह सांपों का ब्रीडिंग सीजन (प्रजन्न काल) होता है। इसी वजह से वे भारी तादाद में अपने बिलों से बाहर आते हैं। अक्सर लोग नाग-नागिन के इस मिलन को उनका 'प्रेम नृत्य' या डांस समझ बैठते हैं, जबकि असल में यह पूरी तरह से एक नेचुरल और बायोलॉजिकल प्रोसेस है। जानकारों का कहना है कि सांप अमूमन शांत ही रहते हैं और खुद से किसी पर हमला नहीं करते, लेकिन फिर भी अपनी सुरक्षा के लिए ऐसी जगहों पर उनसे एक तय दूरी बनाकर रखना ही सबसे समझदारी का काम है।



### एकता समिति द्वारा वयोवृद्ध योगगुरु का सम्मान

**सागर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर एकता समिति द्वारा वयोवृद्ध योगगुरु विष्णु आर्य का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। 93 वर्षीय योगगुरु विष्णु आर्य 70 साल से देश भर में योग की अलख जगाएं हुए हैं। आर्य ने कहा कि हजारों साल पहले ऋषि मुनियों ने योग पर अनुसंधान किए और यह स्वस्थ जीवनशैली की एक कला है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से मानव स्वस्थ लंबी आयु प्राप्त कर सकता है। उन्होंने कहा कि आज परिवार में अच्छे संस्कारों का अभाव दिखाई दे रहा है। खराब जीवनशैली होने से लोग अनेक बीमारियों से परेशान हैं। इसलिए नियमित योगाभ्यास कर अनेक समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने कहा कि 1968 में योग निकेतन केन्द्र की स्थापना की गई, तब से निरंतर केंद्र संचालित है, हजारों व्यक्ति लाभ उठा रहे हैं। समिति ने योग के क्षेत्र में योगगुरु श्री आर्य के योगदान की सराहना करते हुए उन्हें पद्म श्री से सम्मानित करने की मांग की। इस अवसर पर अब्दुल रशीद भाई, सुधीर जैन, शरद गुप्ता, प्रदीप समैया, कमल जैन, राजेन्द्र सोनी, नीलेश समैया, संजय शास्त्री, नीरज सेठ, अजीत जैन, नरेंद्र जैन, प्रमोद आर्य उपस्थित थे।

### युवा संगम रोजगार मेले में 477 युवाओं ने लिया भाग, 313 अभ्यर्थियों का हुआ प्राथमिक चयन

**सागर।** कलेक्टर प्रतिभा पाल के निर्देशानुसार सागर जिले के युवाओं को रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से रोजगार कार्यालय सागर, शासकीय संभागीय आईटीआई सागर एवं जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र सागर के संयुक्त तत्वावधान में सहोदरा राय शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सागर में ₹युवा संगम₹ कार्यक्रम के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिसशिप मेले का आयोजन किया गया। रोजगार मेले में कुल 477 अभ्यर्थियों ने सहभागिता की, जिनमें से 313 अभ्यर्थियों का विभिन्न कंपनियों द्वारा प्राथमिक स्तर पर चयन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों में 42 महिला आवेदक भी शामिल रहीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश कुश समाज कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष प्रभुदयाल कुशवाहा ने चयनित अभ्यर्थियों को लेटर ऑफ इंटेंट प्रदान कर बधाई दी। उन्होंने कहा कि युवा संगम कार्यक्रम के माध्यम से जिले के युवाओं को रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर एक ही स्थान पर उपलब्ध कराना जिला प्रशासन की सराहनीय पहल है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि प्रत्येक युवा को उसकी योग्यता एवं रुचि के अनुरूप रोजगार तथा कौशल विकास के अवसर प्राप्त हों। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रोजगार, प्रशिक्षण एवं अप्रेंटिसशिप के इन अवसरों का अधिकतम लाभ उठाकर अपने उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करें। कार्यक्रम में शासकीय संभागीय आईटीआई सागर के प्राचार्य अमरनाथ साकेत ने मुख्य अतिथि का परिचय उपस्थित कंपनी प्रतिनिधियों से कराया। मेले में देश एवं प्रदेश की विभिन्न प्रतिष्ठित निजी कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिनमें गोल्डन फार्म ऑर्गेनिक एग्रीकल्चर सागर, जीवनदान ग्रुप सागर, अतुल ऑटो लिमिटेड अहमदाबाद, रेजोन सोलर लिमिटेड सूरत, सिनोवा गियर्स एंड ट्रांसमिशन लिमिटेड राजकोट, रवि टेक्नोफोर्ज इंडिया राजकोट, नेमिडे लिमिटेड अहमदाबाद, विशाल बेयरिंग्स लिमिटेड अहमदाबाद, कल्याण पाइप्स प्रा. लि. राजकोट, कोरोना रेमेडीज अहमदाबाद, फ्लिपकार्ट ऑल इंडिया, पुष्पराज हेल्थ केयर जबलपुर, पुष्कल एग्रीटेक प्रा. लि. सागर एवं पेटीएम सहित अन्य कंपनियां शामिल रहीं।

### नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को समग्र आईडी की ई-केवाईसी कराने के लिए अंतिम अवसर

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नगर निगम क्षेत्र के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे अपने परिवार के सभी सदस्यों की समग्र आईडी की ई-केवाईसी आगामी एक सप्ताह के भीतर अनिवार्य रूप से पूर्ण करा लें, ताकि शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ निर्बाध रूप से प्राप्त होता रहे।निगमायुक्त खत्री ने बताया कि समग्र पोर्टल पर ई-केवाईसी कराना शासन द्वारा निर्धारित एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। नागरिक अपनी ई-केवाईसी समग्र पोर्टल, एमपी ऑनलाइन केंद्र अथवा कॉमन सर्विस सेंटर (सीएससी) के माध्यम से आसानी से करा सकते हैं। ई-केवाईसी पूर्ण होने पर परिवार के पात्र सदस्यों को पेंशन, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (राशन), सहित अन्य शासकीय योजनाओं का लाभ निरंतर मिलता रहेगा।

### 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पुलिस लाइन में हुआ सामूहिक योगाभ्यास

# विधायक, डीएम, एसपी ने कर्मचारियों संग योग किया, स्वस्थ जीवनशैलीका संकल्प लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन्स में भव्य योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाधिकारी सत्य प्रकाश तथा पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ सामूहिक योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया। साथ ही योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने पूरे उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास कर नियमित योग करने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है,




जो व्यक्ति को शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से संतुलित और आत्मिक रूप से सशक्त बनाता है। उन्होंने कहा कि नियमित योगाभ्यास से कार्यक्षमता, एकाग्रता तथा तनाव प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार होता है, जिससे पुलिस बल अपने दायित्वों का अधिक दक्षता और समर्पण के साथ निर्वहन कर सकता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक वैज्ञानिक पद्धति है, जो स्वस्थ तन, शांत मन और सशक्त समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन तथा पुलिस कर्मियों में योग के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें नियमित योगाभ्यास के लिए प्रेरित करना रहा। कार्यक्रम के समापन पर सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने और अपने परिवार व समाज के अन्य लोगों को भी योग के प्रति प्रेरित करने का संकल्प लिया। उधर, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जिले के सभी थानों में भी योग शिविर आयोजित किए गए, जहां पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने योगाभ्यास कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ रहने का संदेश दिया। योग दिवस के आयोजन से पूरे पुलिस विभाग में स्वास्थ्य, अनुशासन और सकारात्मक जीवनशैली को बढ़ावा देने का संदेश प्रसारित हुआ।




### योग स्वस्थ तन, शांत मन और अनुशासित जीवन का आधार : नपाध्यक्ष

**ललितपुर**। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका परिषद परिसर में शनिवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने की। इस दौरान अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा सहित नगर पालिका के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। नपाध्यक्ष ने कहा कि फिट इंडिया के संकल्प को आगे बढ़ाने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद परिसर में योगाभ्यास आयोजित किया गया है। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ तन, शांत मन और अनुशासित जीवन का आधार है। नियमित योग से व्यक्ति के जीवन में ऊर्जा, सकारात्मकता और संतुलन का विकास होता है। कार्यक्रम में योगाचार्य प्रसन्न कुमार एवं नजमा बनो ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने योग को दैनिक दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए इसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी। इस अवसर पर अध्यक्ष प्रतिनिधि मुन्नालाल जैन, कर अधीक्षक राजेश कुमार जैन, सफाई एवं खाद्य निरीक्षक जितेन्द्र स्वरूप तिवारी, प्रभारी सफाई निरीक्षक महेंद्र सिंह यादव, निर्माण लिपिक दीपेंद्र कुमार, कर लिपिक चंद्र विनोद मिश्रा, नजूल लिपिक सुधीर रावत, हेड सुपरवाइजर संजय कुमार तथा गैरिज प्रभारी अमित कुमार सहित नगर पालिका परिषद के अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजन

## योग को जन-जन तक पहुंचाने के लिए संकल्प लें: विधायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समेकित जनझ्कल्याण एवं जनझ्जागरूकता अभियान (05 से 21 जून तक) के अंतर्गत 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रिजर्व पुलिस लाइन में मा.सदर विधायक रामरतन कुशवाहा के मुख्य आतिथ्य में दीप प्रज्वलित कर भव्य योग सत्र का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मा. जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन, मा. राज्यमंत्री प्रतिनिधि चंद्रशेखर पंथ व अन्य जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ इम्तियाज अहमद, उप जिलाधिकारी घनश्याम भारती, जिला विकास अधिकारी अतिरंजन सिंह, जिला आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी - डॉ विनीता भारती, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ राजेश शाक्य, जिला सूचना अधिकारी डीएस दयाल, डीपीएम आशुतोष कुमार गोस्वामी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों व सैकड़ों की संख्या में आमनगरिकों ने कीयोगाभ्यास किया। इस अवसर पर योग प्रशिक्षक रामू कांत, अमित झा व अन्य प्रशिक्षकों ने कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार सामूहिक योगासन कायरा और इसके लाभों के बारे में बताया। योग सत्र के का शुभारंभ योग प्रार्थना से हुआ, इसके उपरान्त, ग्रीवा संचालन (गर्दन अभ्यास), स्कंध संचालन (कंधा अभ्यास), कटि संचालन (कमर अभ्यास), घुटना संचालन, ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, अर्ध चक्रासन, त्रिकोणासन, भद्रासन, वज्रासन, उष्ट्रासन, शशांकासन, उत्तान मंडूकासन, पेट के बल किए जाने वाले आसन, मकरासन, भुजंगासन, शलभासन, पीठ के बल किए जाने वाले आसन, सेतुबंधासन, उत्तानपादासन, पवनमुक्तासन, विश्राम आसन, शवासन, प्राणायाम, कपालभाति, अनुलोम-विलोम (नाड़ी शोधन), शीतली, भ्रामरी, ध्यान, संकल्प एवं शांति पाठ से समापन किया गया।

इस अवसर पर सभी जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों ने सेल्फी प्वाइंट पर योगा सेल्फी भी ली। इस अवसर पर कोलकाता में आयोजित प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के योग कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कर उद्बोधन लोगों को सुनाया गया इस अवसर पर सदर विधायक ने योग को भारत की विश्व को दी गई अमूल्य एवं अद्वितीय धरोहर बताया। उन्होंने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों के फलस्वरूप योग को वैश्विक स्तर पर व्यापक पहचान एवं सम्मान प्राप्त हुआ है। आज विश्व के अनेक देशों में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह एवं श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। योग हमें निरोग होना सिखाता है, शरीर को स्वस्थ रखने में योग का महत्वपूर्ण योगदान होता है। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रत्येक सरकारी एवं प्राइवेट विद्यालय में बच्चों को योग से जोड़ना चाहिए। बच्चे जब स्वस्थ रहेंगे तो वह अच्छी शिक्षा ग्रहण करेंगे और स्वस्थ समाज का निर्माण होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वस्थ रहना है तो रोजाना योग करना है।

### आर्ट ऑफ लिविंग का भव्य योग आयोजन संपन्न

## लोगों ने नियमित योग करने का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग की ओर से रविवार को सिविल लाइन स्थित राजवैद्य तुलसीराम औषधि पार्क में भव्य योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ सुबह 6.30 बजे हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में योग साधकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग के योग प्रशिक्षक सुबोध शर्मा विश्वास ने भारत सरकार द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अंतर्गत सभी साधकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास कराया। योगाभ्यास के दौरान प्रतिभागियों ने स्वास्थ्य, संतुलन एवं मानसिक शांति के लिए योग के महत्व को समझा और नियमित योग करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के समापन पर सभी योग साधकों ने एक-दूसरे के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आर्ट ऑफ लिविंग के वैश्विक सूत्र को आत्मसात करने का संदेश दिया। उपस्थित जनों ने योग को स्वस्थ एवं समृद्ध जीवन का आधार बताते हुए इसे जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार शिखर चंद जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे। आर्ट ऑफ लिविंग के वीटीपी ग्रेजुएट जगदीश द्विवेदी, वंदना भारती, ओमप्रकाश गुप्ता, जगजीत सिंह जाखड़, दानवीर सिंह, इंदु सिंह आदि मौजूद रहे।

### ब्रह्माकुमारी संस्थान में योग का आयोजन किया

## स्वयं से परमात्मा तक की यात्रा ही सच्चा योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय द्वारा एक भव्य एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित भाई-बहनों ने राजयोग मेडिटेशन एवं योगाभ्यास कर विश्व शांति, स्वस्थ जीवन और सकारात्मक समाज निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति, ओम ध्वनि और शांति के संकल्प के साथ हुआ। बड़ी दीदी ने कहा कि योग केवल शरीर को स्वस्थ बनाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि आत्मा का परमात्मा से जुडने का दिव्य अनुभव है। उन्होंने कहा कि जब मनुष्य स्वयं को आत्मा समझकर परमात्मा शिव से संबंध स्थापित करता है, तभी जीवन में सच्ची शांति, शक्ति और



आनंद का अनुभव संभव होता है। राजयोग मेडिटेशन का विशेष अभ्यास भी कराया गया। इसमें उपस्थित लोगों ने कुछ समय के लिए स्वयं को देह से न्यारा आत्मा स्वरूप अनुभव करते हुए परमात्मा की शक्तियों का आध्यात्मिक अनुभव किया। कार्यक्रम में तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक चिंतन, नशामुक्त समाज तथा संस्कारयुक्त परिवार निर्माण जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। संस्थान की बहनों ने कहा कि वर्तमान समय की तेज रफ्तार और तनावपूर्ण जीवनशैली में राजयोग मानवता के लिए एक अमूल्य वरदान साबित हो रहा है। यह व्यक्ति को मानसिक संतुलन, आत्मविश्वास, निर्णय क्षमता और आध्यात्मिक ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग दिवस का वास्तविक उद्देश्य केवल एक दिन योगाभ्यास करना नहीं, बल्कि पूरे जीवन को योगयुक्त और मूल्यनिष्ठ बनाना है। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने प्रतिदिन राजयोग मेडिटेशन करने तथा अपने जीवन में शांति, प्रेम, सहयोग और मानवीय मूल्यों को अपनाने का संकल्प लिया।

## योगाचार्य फूलचंद रजक ने कराया सामूहिक योगाभ्यास



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को कंपनी बाग में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में योगाचार्य फूलचंद रजक ने उपस्थित लोगों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा योग के महत्व पर प्रकाश डाला। योगाचार्य फूलचंद रजक ने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, निरोग एवं ऊर्जावान बना रहता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बदलती जीवनशैली और बढ़ते तनाव के कारण अनेक बीमारियां लोगों को घेर रही हैं। ऐसे में यदि नियमित रूप से योग किया जाए तो कई शारीरिक एवं मानसिक समस्याओं से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि कंपनी बाग में प्रतिदिन योग की कक्षाएं संचालित की जाती हैं, जिनमें सरल आसनों से लेकर जटिल योगासन तक सिखाए जाते हैं। योग के माध्यम से शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है तथा मन को शांति और एकाग्रता प्राप्त होती है। उन्होंने सभी लोगों से अपने दैनिक जीवन में योग को शामिल करने का आह्वान किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर उपस्थित लोगों ने विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कर स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम में योग के प्रति लोगों में विशेष उत्साह देखने को मिला। नवीन जैन थनवारा, राजेंद्र सिंह परमार, ज्ञानचंद गुप्ता, भूपेंद्र नायक, अरुण लोहिया, अनिल जैन (इंजीनियर), सतीश जैन, राजकुमार साहू, राघवेंद्र परमार, कैलाशचंद्र जैन, राजेश पंथ आदि मौजूद रहे।

### कवियों ने वीरांगना को दी भावपूर्ण श्रद्धांजलि

## रानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर काव्य गोष्ठी आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तुलसी साहित्य अकादमी के तत्वावधान में विगत दिवस वीरांगना महारानी लक्ष्मीबाई की पुण्यतिथि पर वरिष्ठ साहित्यकार राम नामदेव काका ललितपुरी के निवास पर काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश कुमार झा ने की। शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन खेमचंद वर्मा, विभा ताम्रकार, गणेश रामबाबू एवं रामस्वरूप अनुरागी ने संयुक्त रूप से किया। इसके पश्चात कवयित्री विभा ताम्रकार ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम को भक्ति एवं साहित्य की गरिमा से ओतप्रोत कर दिया। कवि डा.खेमचंद वर्मा ने महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान पर आधारित अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, बलिदानों की धरती जिसको हम भारत कहते हैं। वहीं डा.रमाकांत युग ने अमर शहीदों और राष्ट्रभक्ति पर आधारित कविता सुनाकर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। गणेश रामबाबू ने अपनी काव्य प्रस्तुति से कार्यक्रम को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। विभा ताम्रकार ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन, संघर्ष और त्याग का मार्मिक वर्णन करते हुए कहा, झांसी में जन्मी, झांसी में ब्याही, गंगा की लहरों को बेतवा में बहाई। उनकी प्रस्तुति को श्रोताओं ने खूब सराहा। चंद शास्त्री (शिक्षक) ने वीरांगना के शौर्य का वर्णन करते हुए कहा कि स्वतंत्रता के महासमर में उन्होंने अंग्रेजों के दांत खट्टे कर दिए थे। साहित्यकार बृजेश श्रीवास्तव ने अपनी प्रस्तुति में कहा कि खूब लड़ी मर्दानी, वह तो झांसी वाली रानी थी। वहीं डा.शिवनारायण वर्मा ने रानी के त्याग और बलिदान को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपनी जवानी देश के नाम कर स्वतंत्रता की अलख जगाई। कार्यक्रम के अंतिम चरण में रामस्वरूप अनुरागी ने अपनी मधुर वाणी में वीर रस से ओतप्रोत रचना प्रस्तुत करते हुए कहा, तोपों और बंदूकों से भी डरी नहीं हो रानी, खूब लड़ी मर्दानी, वह तो झांसी वाली रानी। उनकी प्रस्तुति ने उपस्थित श्रोताओं में देशभक्ति का संचार कर दिया। गोष्ठी का संचालन राम नामदेव काका ललितपुरी ने किया।

## सूने मकान को चोरों ने बनाया निशाना, जेवरात व नकदी चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट थाना क्षेत्र के अंजनी नगर में अज्ञात चोरों ने एक सूने मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये मूल्य के सोने-चांदी के आभूषण और नगदी चोरी कर ली। घटना की जानकारी मिलने पर पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंजनी नगर निवासी रिंकू कुशवाहा पुत्र राजाराम कुशवाहा ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया कि 18 जून 2026 की रात अज्ञात चोर उनके घर में घुस गए। चोरों ने घर में रखी अलमारी और लॉकर के ताले तोड़ दिए तथा उसमें रखे कीमती जेवरात और नगदी चोरी कर फरार हो गए। चोरी गए सामान में एक सोने का मंगलसूत्र, चार सोने की अंगूठियां, एक सोने की मेहंदी, एक सोने की बेसर, दो चांदी के करदोना, दो जोड़ी चांदी की पायल, दो जोड़ी चांदी की बिछिया तथा 10 हजार रुपये नकद शामिल हैं। चोरी गए आभूषणों की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

### दो महिलाओं के खिलाफ मुकदमा दर्ज

## घर के सामने कूड़ा फेंकने का विरोध करने पर महिला को लाठी-डंडों से पीटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

तालबेहट कोतवाली क्षेत्र के ग्राम वनगुँवा कला में घर के सामने कूड़ा फेंकने का विरोध करने पर एक महिला के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि विरोध करने पर गांव की दो महिलाओं ने गाली-गलौज करते हुए पीड़िता पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपित महिलाओं के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ग्राम वनगुँवा कला निवासी गीता पत्नी लक्ष्मन ने बताया कि गांव के ही विपक्षी लोग आए दिन उनके घर के सामने कूड़ा-कचरा डालते हैं, जिससे लंबे समय से विवाद चला आ रहा है। शनिवार 20 जून 2026 को दोपहर लगभग 12 बजे जब विपक्षी पक्ष द्वारा फिर से घर के सामने कूड़ा फेंका जा रहा था, तब उन्होंने इसका विरोध किया।

विरोध करने पर आरोपी महिलाएं आगबबूला हो गईं और अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज करने लगीं। जब उन्होंने इसका विरोध किया तो आरोपितों ने लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट के दौरान उनके सिर में गंभीर चोटें आईं और वह घायल होकर जमीन पर गिर गईं। आरोप है कि जाते समय आरोपी महिलाओं ने पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। घटना के बाद घायल महिला ने तालबेहट कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायत दी।

### पेन्टिंग विद आयल कलर्स कला शिविर का समापन, 32 कलासाधकों का सम्मान

## कलाएं जीवन को सुंदर, सुखमय व रसमय बनाती: मिनी वर्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

सिद्धन रोड स्थित कला भवन में वरिष्ठ कलाविद् ओमप्रकाश बिरथरे द्वारा आयोजित एक माह के विशिष्ट कला शिविर पेन्टिंग विद आयल कलर्स का भव्य समापन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि केन्द्रीय विद्यालय की प्राचार्य मिनी वर्मा तथा अध्यक्षता कर रहीं पूर्व प्रधानाचार्य शांति मालवीय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। शिविर के आयोजक ओमप्रकाश बिरथरे ने बताया कि 24 मई से 21 जून तक आयोजित इस शिविर में प्रतिभागियों को तेल चित्रकला का सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। उन्होंने बताया कि तैल चित्रकला की शुरुआत सातवीं शताब्दी में अफगानिस्तान के बामियान क्षेत्र से मानी जाती है, जहां अलसी, अखरोट और खसखस के तेलों से बने रंगों का प्रयोग किया गया था। बाद में लियोनार्डो दा विंची, पाब्लो पिकासो, विंसेंट वैन गॉग, माइकल एंजेलो तथा भारत में राजा रवि वर्मा जैसे कलाकारों ने इस कला को नई



ऊंचाइयों तक पहुंचाया। उन्होंने बताया कि शिविर में प्रतिभागियों को तेल रंगों की पहचान, कैनवास तैयार करने की विधि, रंग संयोजन तथा चित्रांकन की बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान हिंदी-अंग्रेजी कैलीग्राफी, शकुंतला चित्रण, प्रकृति चित्रण तथा गौरी-गणेश बुंदेली लोक चित्रण जैसे विषयों पर अभ्यास कराया गया। समापन अवसर पर कलासाधकों द्वारा बनाई गई कलाकृतियों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसे देखकर अतिथि एवं दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। मुख्य अतिथि मिनी वर्मा ने कहा कि कला केवल अभिव्यक्ति का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य को भी बेहतर बनाती है। उन्होंने हाल ही में प्रकाशित एक अंतरराष्ट्रीय अध्ययन का उल्लेख करते हुए कहा कि कलात्मक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी जैविक उम्र बढने की प्रक्रिया को धीमा करने में सहायक होती है। उन्होंने शिविर में तैयार किए गए चित्रों की सराहना करते हुए इसका श्रेय प्रशिक्षक ओमप्रकाश बिरथरे के मार्गदर्शन को दिया। अध्यक्षता कर रहीं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्या शांति मालवीय ने कहा कि ओमप्रकाश बिरथरे वर्ष 2014 से लगातार ग्रीष्मकालीन कला शिविरों का आयोजन कर बच्चों और युवाओं को मोबाइल एवं रील संस्कृति से दूर रखकर रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ रहे हैं, जो सराहनीय कार्य है। इंटैक चैप्टर संयोजक संतोष शर्मा ने कहा कि शिविर में तैयार की गई कलाकृतियां प्रतिभागियों की मेहनत और समर्पण का उत्कृष्ट उदाहरण हैं। उन्होंने कलाकारों से निरंतर कला साधना जारी रखने का आह्वान किया। कार्यक्रम में 32 कलासाधकों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान कलासाधक सिद्धार्थ सक्सेना ने कला भवन का प्रतिरूप अपने गुरु ओमप्रकाश बिरथरे को भेंट किया।

## राष्ट्रपति ने चीता सफारी के माध्यम से निहारा कूनो, देखी चीतों की उछलकूद

# चीता मित्रों संग बतियायी महामहिम खान, पान और व्यवहार पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा दो दिवसीय कूनो नेशनल पार्क के प्रवास के बाद सोमवार को ग्वालियर एयरबेस के लिए रवाना होने से पूर्व चीता मित्रों से चीता संरक्षण पर चर्चा की गई. इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा चीता मित्रों से चर्चा करते हुए उनके द्वारा चीतों की सुरक्षा और आमजन के बीच चीतो के व्यवहार और खान पान को लेकर किये जा रहे जागरूकता के प्रयासों के संबंध में जानकारी प्राप्त की.

राष्ट्रपति को चीता मित्रों ने बताया कि कूनो नेशनल पार्क से लगे सभी ग्रामों में चीता मित्र मौजूद है, जिनके द्वारा ग्रामीणों को चीतो की सुरक्षा के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। चीतो के आबादी क्षेत्र में आवागमन की स्थिति पर किये जाने वाले कार्यो के संबंध में सभी को अवगत कराया गया है। ग्रामीणों को यह जानकारी भी दी जा रही है कि स्वभाविक रूप से चीते किसी को नुकसान नही पहुंचाते है, चीता जब आबादी क्षेत्र अथवा खेतो में दिखाई दे तो तत्काल वन विभाग को अवगत कराया जाये और चीतों को किसी भी प्रकार से नुकसान नही पहुंचाया जायें। भारत में चीतों की पुर्न बसाहट के लिए यह परियोजना अति महत्वपूर्ण है। इस दौरान चीता मित्र कुलदीप आदिवासी सिलोरी, संग्राम आदिवासी एवं राजनदंनी आदिवासी हथेडी, मल्हा आदिवासी सेसईपुरा, शिवम आदिवासी पालपुर, विनोद आदिवासी पैरा, रामलखन आदिवासी कराहल, लालाराम आदिवासी सेसईपुरा, दौलतराम आदिवासी सेसईपुरा, सतीश आदिवासी मोरावन मौजूद रहें।



### कूनो में चीतों की तीन पीढ़ी देख गदगद हुई महामहिम

भ्रमण के दौरान राष्ट्रपति के सामने कूनो वन्य प्रशासन ने प्रदर्शनी के माध्यम से प्रोजेक्ट चीता की सफलता की कहानी प्रदर्शित की जिसमें प्रदर्शित किया गया था कि कूनो नेशनल पार्क में चीतों की पुर्नस्थापन योजना को लगभग साढे तीन वर्ष से अधिक का समय हो गया है। नेशनल पार्क में नामीबिया, दक्षिण अफ्रिका एवं बोत्सवाना से चीतों को लाया गया है, वर्तमान में देश में चीतों की संख्या 52 है, जिनमें से 49 चीते कूनो नेशनल पार्क में तथा 03 चीते मंदसौर स्थित गांधी सागर अभ्यारण में मौजूद है। भारत में जन्मे चीतो की संख्या 32 है, चीता प्रोजेक्ट निरंतर सफलता की ओर आगे बढ रहा है। इन साढ़े तीन सालों में कूनो के भीतर तीन देश के चीते एक बिचरण करने के साथ चीतों की तीन पीढ़ी भी मौजूद है इसे देखकर राष्ट्पति भी गदगद हो गईं.



### राष्ट्रपति को कूनो हेलीपेड पर दी विदाई ..

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को कूनो नेशनल पार्क स्थित हेलीपेड से ग्वालियर एयरबेस के लिए विदाई दी गई। इस अवसर पर हेलीपेड पर उपस्थित राज्यपाल मंगुभाई पटेल सहित मिनिस्टर इन वेटिंग एवं जिले के प्रभारी मंत्री राकेश शुक्ला, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, प्रमुख सचिव वन संदीप यादव, पीसीसीफ शुभरंजन सेन, एडीजी एसएएफ चंचल शेखर, कलेक्टर शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर कुमार अग्रवाल आदि मौजूद रहे

### ये अफसर रहे मौजूद

राष्ट्रपति द्वारा सभी चीता मित्रों से वन टू वन चर्चा की गई तथा इस महत्वपूर्ण परियोजना के लिए उनके द्वारा मानसेवी रूप से किये जा रहे प्रयासों की सराहना की गई। इस अवसर पर वन विभाग के प्रमुख सचिव संदीप यादव, पीसीसीएफ शुभरंजन सेन, कमिश्नर सुरेश कुमार, आईजी सचिन अतुलकर, कलेक्टर शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, सीसीएफ उत्तम कुमार, डीएफओ आर थिरूकुराल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें।

## जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान, कैसे सुधरे सड़क की हालत

# पैदल चलने लायक भी नहीं शहर की मॉडल सड़क, परेशानी झेल रहे नागरिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



हर जिला मुख्यालय पर नगरीय निकाय विभाग में एक मॉडल सड़क का निर्माण कराया है ताकि जिला मुख्यालय पर सौंदर्य करण की छटा दिखाई दे.इसी क्रम श्योपुर जिला मुख्यालय पर बडौदा रोड सडक को मॉडल सडक के रूप में बनाया गया। ताकि श्योपुर शहर की सुंदरता बढ सके।

मगर वर्तमान में यह सडक शहर की सुंदरता बढाने के बजाए लोगो को परेशानी अधिक दे रही है। क्योंकि इस सडक पर इतने गड्ढे हो गए है कि यह सडक कहीं से भी मॉडल सडक नजर नहीं आती है।

खास बात यह है कि इस सडक की खराब हालत होने से नागरिक परेशान हो रहे है,लेकिन इसके बाद भी जिम्मेदार विभागीय अधिकारी इस तरफ कोई ध्यान नहीं दे रहे है। जिसके चलते सडक की स्थिति सुधरने के बजाए दिनोदिन खराब होती जा रही है। यहां बताना होगा कि तात्कालिक मुख्यमंत्री बाबूलाल गौर के समय मॉडल सड़क योजना के तहत श्योपुर जिला मुख्यालय पर भी मॉडल सड़क बनाने के लिए अनुदान मिला था नगर पालिका ने पटेल चौक से शमशान घाट तक बड़ौदा रोड को मॉडल सड़क के रूप में चयनित किया लंबे समय तक यह सड़क बनने के बजाय विवादों में रही और जब बनी तो कहीं से भी ऐसा नहीं लगा कि यह सड़क मॉडल है अब तो हालत यह है कि सड़क में जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं बारिश के समय इन गड्ढो से वाहनों पाहियों से उलीचता हुआ पानी दुकानदारों और आने जाने वालों को भिगोता है।

यह सड़क सुविधा के वजह नागरिकों के लिए परेशानी अधिक बन गई है। लोग लगातार सड़क के मेंटेनेंस की मांग करते रहते हैं लेकिन नगर पालिका गाहे बगाहे मिट्टी डालकर औपचारिकता निभा लेती है जिससे व्यवस्था सुधारने के बजाय परेशानी और अधिक बढ़ जाती है।

# अलम निशानो की परंपरागत दौड़ आज, 26 को निकलेंगे ताजिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इस्लामिक कैलेंडर का नया साल मोहर्रम मंगलवार से शुरू हो गया है इस महीने को कुछ लोग ताजियादारी के रूप में भी मानते हैं जिसके चलते इमामबाड़ों पर ढोल ताशा नगाड़े बजने शुरू हो गए हैं ताजियों को अंतिम रूप दिया जाने लगा है 26 जून को ताजियों का मातमी जुलूस निकाला जाएगा. लेकिन उससे पहले मोहर्रम की 7 तारीख़ (23जून) को अलम निशानो की परम्परागत दौड़ आयोजित की जायगी. ताजियो की तरह इस मातमी उत्सव पर भी खासी भीड़ रहती है इसलिए पुलिस प्रशासन ने चाक चोबंद व्यवस्था का इंतजाम कर लिया है.

मंगलवार को अलम-निशानो की परम्परागत दौड़ आयोजित होगी जो विशेष आकर्षण का केंद्र रहती है. यह जुलूस बड़ा इमामबाड़ा से शुरू होता है जो ढ़ोल नगाड़ो की मातमी धुन के बीच पहले खरादी मोहल्ले के दो इमामबाड़ो से अलम साथ लेकर तोड़ी गणेश बाजार से सूबात चौराहा होते हुए किला रोड हम्मालान इमामबाड़ा पहुंचता है यहां से फिर छोटा इमाम बाड़ा मेवाती मोहल्ला फिर कसाई मोहल्ला पहुंचता है यहीं से दौड़ शुरू होती है जो किला की परिपक्रमा करते हुए बगवाज गांव और वहां से बालापुरा होते हुए मेन मार्केट पोस्ट ऑफिस के पास सभी अलम आकर ठहरते हैं. यहां करीब डेढ़ घंटे तक जुलूस के बीच अखाड़े बाजी के करतब बताए जाते हैं. बाद में सभी अलम पहले बड़ा इमाम बाड़ा पर फिर अपने अपने ठीकनो को लोट जाते हैं. 26 जून को दिन में ताजियो का जुलूस निकालने के बाद शाम को ताजिए क़र्बला में दफनाए जायेंगे. यह त्यौहार सेंसिटिव होने के चलते भारी सुरक्षा करनी पड़ती है, पुलिस ने इसके लिए दूसरे जिलों से भी फोर्स मंगाया है. इससे पहले 25 जून की रात ताजिए गस्त पर निकलेंगे.

# विजयपुर पहुंचे रावत, आमजन की पीड़ा सुन कराया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

मध्य प्रदेश वन विकास निगम के अध्यक्ष कैबिनेट मंत्री दर्जा रामनिवास रावत ने सोमवार को विजयपुर पहुंचकर अपने निवास पर लोगों की समस्याएं सुनी, इस दौरान मिली अधिकतर समस्याओं का निराकरण उन्होंने मौके पर ही मोबाइल के माध्यम से अफसरों को निर्देशित कर करा दिया.वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत के विजयपुर पहुंचने की खबर मिलते ही बड़ी संख्या में लोग उनसे मिलने पहुंच गए हालांकि कार्यकर्ताओं ने इससे पहले विजयपुर पहुंचने पर उनका फूल माला पहनाकर स्वागत किया और संगठन के बारे में चर्चा की. बाद में लोगों ने पहुंचकर अपनी समस्याएं भी उन्हें बताइ. दिनभर चले कार्यक्रम में एक सैकड़ा से भी अधिक लोगों ने पहुंचकर अपनी पीड़ा सुनाई. अधिकतर समस्या बिजली और खेती के किसानी से जुड़ी थी जिस पर उन्होंने बिजली कंपनी के अधिकारियों और कृषि विभाग अथवा राजस्व विभाग के अधिकारियों को फोन लगाकर तत्काल समस्या का निराकरण कराया. इस दौरान उन्होंने अफसरों को निर्देशित किया कि मानसून शुरू होने वाला है किसान खेतों में जाकर खेती किसानी के काम में लगने वाले हैं, सरकार की मंशा किसान की आमदनी बढ़ाना है, सरकार की ओर से कोई कसर किसान की उन्नति के लिए नहीं छोड़ी जा रही है मांग अनुसार खाद बिजली उपलब्ध कराई जा रही है लेकिन स्थानीय स्तर पर कई बार अव्यवस्थाओं के कारण किसानों में नाराजगी देखने को मिलती है जो नहीं होना चाहिए.

# थाने में रिपोर्ट लिखाकर पति के साथ लौट रही महिला को रास्ता रोककर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



थाने में रिपोर्ट लिखाकर पति के साथ घर लौट रही महिला की नामजद आरोपी ने रास्ता रोककर मारपीट कर दी। यह मामला मानपुर थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने महिला की शिकायत पर मारपीट करने वाले आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस ने बताया कि ग्राम टोंगनी निवासी पद्मा पत्नी राजू मीणा बीती शाम को गांव में हुई कहासुनी होने की रिपोर्ट मानपुर थाने में लिखाकर वापस अपने पति के साथ अपने गांव लौट रही थी।तभी रास्ते में अंकुश पुत्र दीपक मीणा निवासी टोंगनी मिल गया,जिसे रास्ता रोककर महिला की गाली गलौच करते हुए मारपीट कर दी। इस मामले की महिला ने फिर थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। इस मामले में पुलिस ने अंकुश मीणा के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

# चलती कार में अचानक लग गई आग सवार दो लोगों ने कूदकर बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



श्योपुर मुरैना सडक मार्ग पर सोमवार की दोपहर को वीरपुर थाना क्षेत्र में एक चलती कार में अचानक आग लग गई। इस दौरान कार में सवार दो लोगो ने किसी तरह कार से कूदकर अपनी जान बचाई। प्रत्यक्षदर्शी लोगो का कहना है कि कार में लगी आग थोडी में देर विकराल हो गई। ऐसे में यदि कार में सवार दोनो लोग कूदने में थोडी भी देर कर देते तो जन हानि होना तय थी।

जानकारी के अनुसार सोमवार की दोपहर को यह कार वीरपुर से टेंटरा की तरफ आ रही थी। कार में दो लोग सवार थे। तभी चलती कार में हारकुई गांव के पास अचानक चिंगारी निकली। जिसके बाद कार सवार लोगो ने समझदारी दिखाते हुए तत्काल कार को रोका और गेट खोलकर कूद गए। जिससे जनहानि टल गई। लेकिन कार धू धू जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई।

## 24 जुलाई को कॉलेज से शुरू होगी रथ यात्रा, श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर पर होगा समापन

# पुरी की तर्ज पर श्योपुर शहर में पहली बार निकलेगी जगन्नाथजी की रथ यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

उड़ीसा के पुरी शहर में भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा हर साल निकाली जाती है, इसी तर्ज पर शिव की नगरी श्योपुर में भी पहली बार भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा निकाली जाएगी। 24 जुलाई को निकाली जाने वाली जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का आयोजन अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना मत संघ इस्कॉन श्योपुर द्वारा किया जा रहा है। यह रथयात्रा शहर के पाली रोड स्थित कॉलेज के सामने से शुरू होगी। जिसका समापन शहर के शिवपुरी रोड स्थित श्री रामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में किया जाएगा। पहली बार निकाली जा रही इस रथ यात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है।

उल्लेखनीय है कि उडीसा के पुरी में भगवान जगन्नाथ की विश्व प्रसिद्ध रथ यात्रा हर आषाढ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकाली जाती है और इस वर्ष पुरी में यह भव्य रथ यात्रा 16 जुलाई को निकाली जाएगी। इसके साथही जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव भी शुरू हो जाएगा जो कि 24 जुलाई 2026 तक चलेगा। अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना मत संघ इस्कॉन इसी महोत्सव के दौरान देशभर के अन्य शहरो में जगन्नाथ रथ यात्राए निकालेगा। इसी क्रम में श्योपुर जिले में भी यह रथ यात्राए दो स्थानों श्योपुर और विजयपुर शहर में निकाली जाएगी। विजयपुर में यह रथ यात्रा 22 जुलाई को और श्योपुर में 24 जुलाई को यह रथ यात्रा निकाली जाएगी।



### कॉलेज से शुरू होगी यात्रा, जगन्नाथपुरी से आएगा रथ

अंतरराष्ट्रीय कृष्ण भावना मत संघ इस्कॉन श्योपुर के माध्यम से मिली जानकारी के अनुसार श्योपुर शहर में भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा का आयोजन 24 जुलाई को शहर के पाली रोड से कॉलेज के सामने से शुरू होगा। इस दौरान जगन्नाथपुरी से रथ जाएगा और वहीं से रथ में सवार होकर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा भी आएगी। जिस तरह पुरी में जगन्नाथ जी के रथ को रस्सियों के सहारे श्रद्धालु खींचकर ले जाते है,उस तरह श्योपुर में भी श्रद्धालु रथ को खींचेगे। पाली रोड, खुलखुली माता मंदिर, बस स्टैंड,पटेल चैक, अशोक स्तंभ होते हुए यह रथ यात्रा श्री रामतलाई हनुमान मंदिर पर पहुंचेगी। रथ यात्रा का जगह जगह स्वागत भी किया जाएगा। श्रीरामतलाई हनुमान मंदिर परिसर में इस रथ यात्रा का समापन किए जाने के साथही महाप्रसादी की व्यवस्था रहेगी।

## मामला बजट शामिल हुई आधा दर्जन नई सडकों के निर्माण का

# नहीं मिला कंसल्टेंट, अटकी डीपीआर, अब सड़कों का निर्माण शुरू होने में होगी देरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर।

भलेही जिले में बनने वाली आधा दर्जन नई सडके बजट में शामिल हो गई है और क्षेत्रीय सांसद शिव मंगल सिंह तोमर बजट में शामिल सडकों की डीपीआर बनाए जाने के निर्देश दे चुके है, लेकिन इसके बाद इन नई सडकों का निर्माण जल्द शुरू होने की संभावना नहीं दिख रही है। वजह यह है कि इन सडकों की फिलहाल डीपीआर ही नहीं बन पाई है। जिसकारण कंसल्टेंट का नहीं मिलना बताया जा रहा है। हालांकि विभागीय अधिकारी तर्क दे रहे है कि नए कंसल्टेंट की नियुक्ति के लिए टेंडर निकाल दिए गए है,लेकिन श्योपुर जिले के किसी भी ठेकेदार के द्वारा कंसल्टेंट बनने के लिए टेंडर ही नहीं डाला गया है। इसलिए विभाग की ओर से इस संबंध में फिर से टेंडर लगा दिए है। लेकिन सडकों के निर्माण में हो रही देरी से ग्रामीणों की आवागमन संबंधी परेशानियां यथावत बनी रहेगी।

बता दें कि लोक निर्माण विभाग के द्वारा क्षेत्रीय लोगो की मांग पर श्योपुर और कराहल विकासखंड क्षेत्र में आधा दर्जन नई सडकों का निर्माण किए जाने के लिए प्रस्ताव बनाकर शासन की ओर से भेजा गया था। लोक निर्माण विभाग के द्वारा भेजे गए प्रस्ताव पर शासन के द्वारा नई सडकों को बजट में शामिल कर लिया गया है। अब लोक निर्माण विभाग के द्वारा बजट में शामिल सडकों की डीपीर बनाकर शासन को भेजी जाएगी। जिसके बाद सडकों का निर्माण होने संबंधी कार्रवाई आगे बढ पाएगी। विभागीय सूत्रों की माने तो इन सडकों की डीपीर बनाए जाने के लिए कंसल्टेंट नहीं मिल रहा है। हालांकि नए कंसल्टेंट की नियुक्ति के लिए टेंडर भी डाला गया है,लेकिन इसके बाद भी कंसल्टेंट नहीं मिल सका है।



### स्वीकृत सड़कों की डीपीआर बनाने के सांसद भी देकर गए थे निर्देश

बताना होगा कि इसी माह के प्रथम सप्ताह क्षेत्रीय सांसद शिवमंगल सिंह तोमर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित बैठक के दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर ने बजट में स्वीकृत हुई सडकों की डीपीआर बनाए जाने के निर्देश लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को दिए थे। लेकिन इसके बाद भी सडकों की डीपीआर अभी तक नहीं बनने से कई तरह के सवाल खडे हो गए है। वहीं सडकों के निर्माण भी देरी होने की संभावनाए भी प्रबल हो गई है।

### इन सड़कों की बनाई जानी है डीपीआर

शासन के द्वारा बजट में श्योपुर जिले की जिन आधा दर्जन सडकों को शामिल किया गया है,उनमें ग्राम गिलास से चंबल नहर होते हुए खेडा मार्ग तक, तलावदा रोड से बहरामपुरा माली बस्ती की ओर, सेंसईपुरा मोरावन टिकटोली मार्ग, सलापुरा नहर से नागदा तक पहुंच मार्ग, सोठवा से रन्नौद मार्ग तथा चंबल नहर सामाखाड से नयागांव बावडीचापा तक बनाई जाने वाली सडक शामिल है। विशेष बात यह है कि इन सडकों में शामिल सेसईपुरा मोरावन टिकटोली सडक तो कूना नेशनल पार्क में पहुंचने वाले पर्यटकों का सफर सुगम बनाएगी। जिससे पर्यटकों का टिकटोली गेट से कूनो नेशनल पार्क में प्रवेश करना सुविधाजनक बनेगा। बजट में शामिल इन सभी सडकों की डीपीआर बनाई जानी है। जो कि एक आम प्रशासनिक प्रक्रिया है। क्योंकि किसी भी सड़क के निर्माण से पहले कंसल्टेंट (परामर्शदाता) द्वारा उसकी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करना अनिवार्य होता है। मगर डीपीआर बनाए जाने के लिए विभाग को फिलहाल कंसल्टेंट ही नहीं मिल रहा है।

### इनका कहना..

बजट में शामिल सडकों की डीपीआर बनाए जाने की दिशा में कार्रवाई की जा रही है। जल्द ही डीपीआर बनवाकर उसे शासन की ओर भिजवा दिया जाएगा।

**पुष्कल प्रताप सिंह**
**ईई,लोक निर्माण विभाग,श्योपुर**

# मलेरिया निरोधक माह के तहत आशा बैठक और ग्राम स्तरीय कार्यशाला आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर



मलेरिया निरोधक माह जून 2026 के अंतर्गत जिले में जन-जागरूकता एवं मलेरिया नियंत्रण गतिविधियों का निरंतर संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. एस.एन. बिंदल के निर्देशन में जिला स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। जबकि कराहल के ग्राम मेहरबानी में मलेरिया जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई।

जिला स्तर पर आयोजित आशा कार्यकर्ताओं की बैठक का संचालन श्यामलाल बाथम, मलेरिया निरीक्षक (शहरी क्षेत्र, श्योपुर) ने किया। बैठक में मलेरिया नियंत्रण के लिए कार्ययोजना तैयार करते हुए आशा कार्यकर्ताओं को रोग के कारण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। उन्हें निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में भ्रमण कर समुदाय को जलभराव रोकने, पानी की टंकियों एवं कूलर की नियमित सफाई तथा मच्छरों से बचाव के उपायों के प्रति जागरूक करें। साथ ही "कोई भी बुखार मलेरिया हो सकता है" संदेश के साथ बुखार के मरीजों की तत्काल जांच एवं आवश्यक उपचार सुनिश्चित करने पर बल दिया गया। बैठक में लार्वा सर्वे, लार्वा नष्टिकरण तथा रैपिड फीवर सर्वे नियमित रूप से किए जाने के निर्देश भी दिए गए। उधर विकासखंड कराहल के ग्राम मेहरबानी स्थित आरोग्य मंदिर में आयोजित कार्यशाला में मलेरिया निरीक्षक नरसिंह गोड द्वारा ग्रामीणों को मलेरिया एवं डेंगू के लक्षण, बचाव एवं उपचार संबंधी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर महिमा चौहान, एएनएम मोनिका डोंगरे, आशा कार्यकर्ता एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में ग्रामीणों को मच्छरजनित रोगों से बचाव हेतु घर के आसपास पानी जमा न होने देने, पानी के बर्तनों एवं टंकियों की नियमित सफाई करने, मच्छरदानी का उपयोग करने तथा स्वास्थ्य संबंधी लक्षण दिखाई देने पर तत्काल जांच एवं उपचार कराने के लिए प्रेरित किया गया।

### कांग्रेसियों ने कहा 7 दिन में राहत नहीं मिली तो होगा व्यापक जनआंदोलन

# प्रभावित परिवारों के समर्थन में कांग्रेसियों ने गांधी तिराहा पर किया धरना-प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



रेलवे द्वारा नगर के शिव वार्ड, शास्त्री वार्ड एवं अन्य क्षेत्रों में किए गए ध्वस्तीकरण से प्रभावित परिवारों के समर्थन में सोमवार को कांग्रेसियों ने गांधी तिराहा पर करीब 2 घंटे तक धरना देकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में प्रत्येक प्रभावित परिवार को 2 लाख अंतरिम सहायता, आवास निर्माण सामग्री, सम्पत्ति क्षति का सर्वे कर पूर्ण क्षतिपूर्ति, 20 लाख मुआवजा, अंतिम निर्णय तक यथास्थिति बनाए रखने, रेलवे के भूमि अभिलेख सार्वजनिक करने तथा सूचना के अधिकार अधिनियम के अंतर्गत मांगी गई जानकारी तत्काल उपलब्ध कराने की मांग की गई। साथ ही चेतावनी भी दी गई कि यदि 7 दिन के भीतर प्रभावित परिवारों को अंतरिम राहत, पुनर्वास, मुआवजा एवं यथास्थिति संरक्षण उपलब्ध नहीं कराया गया तथा उन्हें पुनः बसाने की दिशा में ठोस कार्रवाई नहीं की गई, तो कांग्रेस पार्टी प्रभावित परिवार एवं स्थानीय नागरिक लोकतांत्रिक तरीके से व्यापक आंदोलन प्रारंभ करेंगे। जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं रेलवे प्रशासन की होगी।

धरना को संबोधित करते हुए एडवोकेट महेंद्र कुमार नवैया ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय द्वारा बेदखली एवं अतिक्रमण हटाने की कार्यवाहियों के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिनमें पर्याप्त नोटिस, सुनवाई का अवसर, पुनर्वास और मानवीय दृष्टिकोण अपनाने की बात कही गई है। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन एवं स्थानीय प्रशासनिक अधिकारियों ने इन निर्देशों का पालन नहीं किया। गरीब परिवारों के मकान तोड़ दिए गए और आज वे खुले आसमान के नीचे, फुटपाथों तथा अस्थायी झोपड़ियों में रहने को मजबूर हैं। यह केवल मकानों का ध्वस्तीकरण नहीं बल्कि गरीबों के संवैधानिक एवं मानवीय अधिकारों का उल्लंघन है।

ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार लोगों को घर देने के बजाय बेघर करने का काम कर रही है। नियम, कानून और न्याय की प्रक्रियाओं को ताक पर रखकर कार्रवाई की जा रही है। गरीबों के मकान चुन-चुन कर तोड़े जा रहे हैं जबकि प्रभावशाली लोगों के निर्माणों को छोड़ दिया गया है।

नगर पालिका प्रतिपक्ष नेता प्रशांत राय ने कहा कि यदि प्रभावित गरीब परिवारों का आशियाना पुनः नहीं बसाया गया और उन्हें सम्मानजनक पुनर्वास नहीं दिया गया तो कांग्रेस पार्टी एवं स्थानीय जनता व्यापक जनआंदोलन के लिए बाध्य होगी। गरीबों के साथ अन्याय किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा।

विनोद पोरिया ने कहा कि यदि रेलवे प्रशासन ने अपनी कार्यप्रणाली में सुधार नहीं किया और पीड़ित परिवारों को राहत नहीं दी गई तो आगे उग्र जनसंघर्ष खड़ा किया जाएगा, जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी प्रशासन एवं रेलवे अधिकारियों की होगी।

ओमप्रकाश पंजाबी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी गरीबों, दलितों, मजदूरों एवं वंचित वर्गों पर होने वाले जुल्म और सितम को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। अन्याय के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा और पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने तक कांग्रेस उनके साथ खड़ी रहेगी।

एडवोकेट उमा महेंद्र नवैया ने कहा कि प्रभावित परिवार सहायता की उम्मीद लेकर क्षेत्र की विधायक के पास गए, लेकिन उनकी पीड़ा सुनने तक का प्रयास नहीं किया गया। लोगों के लाखों रुपए के मकान, घरेलू सामान और गृहस्थी नष्ट हो गई है। इस अवसर पर रामकिशन अहिरवार, संयोग रैकवार, विशाल अहिरवार, पप्पू रैकवार, शिवकली अहिरवार, मीरा अहिरवार, रानी रैकवार, रामचरण अहिरवार, श्याम अहिरवार, अजीत, गुलाब अहिरवार, प्रवीन ज्योति, सुनीता, श्याम प्रसाद, पवन अहिरवार, भूरा कुशवाहा, आशा रैकवार, रेशमा, कमला बाई, मनोज कुमार, सुशील राय, जसवंत, गीता बाई अहिरवार, रोहित यादव, विनोद अहिरवार, साहिल अहिरवार, रुक्मणी, प्रदीप अहिरवार, निरपत तथा बड़ी संख्या में प्रभावित परिवार एवं कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में योगाभ्यास व पौधरोपण

# योग केवल व्यायाम न होकर एक जीवन शैली है: सुनीता




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह का आयोजन किया गया। योगाभ्यास के बाद शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों ने पौधारोपण कर हरित भारत स्वस्थ भारत का संदेश दिया। विद्यालय प्राचार्य सुनीता गुप्ता ने शिक्षकों, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम न होकर एक जीवन शैली है।

यह विश्व को भारतीय ऋषियों की देन है। विद्यालय के योग प्रशिक्षक डेलन सिंह राजपूत के निर्देशन में सभी उपस्थित लोगों ने योगाभ्यास एवं प्राणायाम किया। उन्होंने बताया कि 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की थीम स्वस्थ बुढ़ापे के लिए योग है। कार्यक्रम का संचालन शारीरिक शिक्षा शिक्षक राजेश यादव ने किया।

योग दिवस के अवसर पर विद्यालय के खेलकूद मैदान में एक पेड़ मां के नाम 3.0 अभियान के अन्तर्गत पौधारोपण भी किया गया। इस अवसर पर विद्यालय मीडिया प्रभारी चन्द्र प्रकाश राजावत सहित शिक्षक, अभिभावक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## श्री गायत्री जयंती पर होंगे कई धार्मिक आयोजन

**बीना**। अखिल विश्व गायत्री परिवार के द्वारा स्टेशन रोड स्थित गायत्री शक्ति पीठ पर 24 जून को कई धार्मिक आयोजनों के साथ श्री गायत्री जयंती मनाई जाएगी।

प्रहलाद कुशवाहा ने बताया श्री गायत्री जयंती एवं परमपूज्य गुरुदेव पं. श्रीराम शर्मा आचार्य के महाप्रयाण दिवस के अवसर पर 23 जून सुबह 4 बजे से श्री गायत्री महामंत्र अखंड जप शुरू होगा, जो



24 जून सुबह 4 बजे तक चलेगा। इसके बाद सुबह 5 बजे से श्री गायत्री सहस्त्रनाम महाभिषेक का आयोजन होगा। सुबह 8 बजे से श्री गायत्री मंत्र दीक्षा, पंच कुण्डीय यज्ञ, भोजन प्रसाद वितरण एवं उसी दिन शाम 6:30 बजे से दीप यज्ञ एवं संध्या नीरांजना का आयोजन किया जाएगा।

श्री गायत्री जयंती पर पुंसवन, विद्यारंभ, नामकरण, यज्ञोपवीत आदि अन्य संस्कार भी होंगे।

### भोपाल मंडल के रूठियाई, गुना, बीना, भोपाल एवं इटारसी

# जोधपुर-चैन्नई के बीच 05 ट्रिप साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

ग्रीष्मावकाश के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा जोधपुर-चैन्नई बीच एवं एमजीआर चैन्नई सेंट्रल-जोधपुर के मध्य साप्ताहिक समर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह विशेष रेलसेवा पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल के रूठियाई, गुना, बीना, भोपाल एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्र के यात्रियों को यात्रा की अतिरिक्त सुविधा प्राप्त होगी। भोपाल मंडल जन संपर्क अधिकारी अनुसार ट्रेन नंबर 04815 जोधपुर-चैन्नई बीच साप्ताहिक स्पेशल 27 जून से 25 जुलाई तक (05 ट्रिप) प्रत्येक शनिवार को जोधपुर से 21:20 बजे रवाना होकर मार्ग में विभिन्न स्टेशनों से होते हुए सोमवार को 20:00 बजे चैन्नई बीच पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 04816 एमजीआर चैन्नई सेंट्रल-जोधपुर साप्ताहिक स्पेशल 30 जून से 28 जुलाई तक (05 ट्रिप) प्रत्येक मंगलवार को एमजीआर चैन्नई सेंट्रल से 17:15 बजे रवाना होकर मार्ग में विभिन्न स्टेशनों से होते हुए गुरुवार को 20:30 बजे जोधपुर पहुंचेगी। यह स्पेशल रेलसेवा मार्ग में मेडता रोड, डेगाना, मकराना, कुचामन सिटी, फुलेरा, जयपुर, दुर्गापुरा, सवाई माधोपुर, सोगरिया, बारां, छबड़ा गुगोर, रूठियाई, गुना, बीना, भोपाल, इटारसी रुकेगी।



### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नारायणपुर में योग कार्यक्रम

अशोकनगर। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिला मुख्यालय से 12 किलोमीटर दूर हायर सेकंडरी स्कूल नारायणपुर में योग दिवस का कार्यक्रम संपन्न हुआ कार्यक्रम प्राचार्य भोलाराम शर्मा की निर्देशन में किया गया। योग प्रशिक्षित शिक्षक अभिषेक यादव द्वारा सभी को योग की मुद्राएं कराई गई। सूर्य नमस्कार भी कराया गया शरीर को स्वस्थ रखने के लिए प्राणायाम कराए गए। इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ ग्रामीण जन एवं छात्र उपस्थित हुए प्रोटोकॉल अनुसार शासकीय कार्यक्रम मोबाइल के माध्यम से स्पीकर के द्वारा प्रसारित किया गया।

# बंसीवट आश्रम पर पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर



हरिद्वार शांतिकुंज गायत्री परिवार के निर्देशन में श्री राम प्रज्ञा मंडल अशोकनगर द्वारा जिले के अंदर 108 पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ का संकल्प है। इसी क्रम में बंसीवट आश्रम में एक दिवसीय पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया।

यज्ञ में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे जगतगुरु आचार्य देवमुरारी बापू ने बताया कि गायत्री मंत्र ऋग्वेद से लिया गया है और इसमें प्रणव ओंकार को बृहदअरण्य उपनिषद से लिया गया है सभी मंत्रों को सिद्ध करने से पहले गायत्री पुरुष चरण करना होता है तब मंत्र की सिद्धि होती है इस यज्ञ में 51 यजमानों ने भाग लिया और क्रम से आहुतियां डाली एवं भाव के साथ गायत्री माता की आरती की गई। इस अवसर पर उपस्थित सभी यजमानों को आचार्य देवमुरारी बापू ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का सहयोग बताया और सूर्य नमस्कार चक्रासान,मयूर आसन, शीर्षासन,भुजंग आसन, कपाल भाति, अनुलोम विलोम आदि योग्य के बारे में बताया योग से ही संत महात्मा मृत्यु पर विजय प्राप्त कर लेते थे। आज भी योग के माध्यम से अपनी अवस्था पूर्ण की जा सकती है अष्टांग योग से न केवल शरीर बल्कि अंतरण भी मजबूत होता है। इसलिए नियमित प्रातः काल उठकर योग करने वाले लोग हमेशा स्वस्थ रहते हैं। यज्ञ में उपस्थित व्यवस्थापक अमर सिंह रघुवंशी अजय सिंह रघुवंशी मारसाब संजय रघुवंशी रणवीर दास दौलत सिंह चैहान बद्री पंडित बद्री प्रसाद तिवारी भूपेंद्र सिंह रघुवंशी हरिओम सोनी दीपक चतुर्वेदी डॉक्टर आनंद मोहन नमन भार्गव आदि प्रमुख लोक सम्मिलित रहे।

# राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम में निशुल्क सर्जरी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

कलेक्टर साकेत मालवीय के मार्गदर्शन में सीएमएचओ डॉ अलका त्रिवेदी के निर्देशन में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत भोपाल के लेक सिटी हॉस्पिटल में निशुल्क सर्जरी हुई।

#### दूध पीने व श्वांस लेने में परेशानी होती थी

आरबीएसके मेडिकल ऑफिसर डॉ सौरभ शर्मा ने बताया कि विशाल (परिवर्तित नाम)




निवासी अशोकनगर उम्र 6 माह को बसमजि सपच(कटा होंठ) नाम कि जन्मजात बीमारी थी, आरबीएसके की टीम द्वारा आंगनबाड़ी स्क्रीनिंग के तहत बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण किया। विशाल को कटे होंठ के कारण दूध पीने में एवं श्वांस लेने में परेशानी होती थी टीम द्वारा बच्चे का स्वास्थ्य परीक्षण कर भोपाल के लेक सिटी हॉस्पिटल में रेफर कर प्लास्टिक सर्जन डॉ आनंद जयन्त काले द्वारा विशाल की सफल सर्जरी हुई और विशाल अब पूर्णतः स्वस्थ है।

## दो बाइक आपस में टकराईं

**अशोकनगर**। जिले के देहात थाने के अंतर्गत ग्राम हमीदपुर निवासी नेपाल कुशवाह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बाईक क्रमांक एमपी 67 एमई 8417 के अज्ञात चालक ने तमौईया पेट्रोल पंप के पास अपने वाहन को तेजी व लापरवाही से चलाकर उसकी बाईक में टक्कर मार दी, जिससे उसे चोटे आई हैं।

# राष्ट्रीय बजरंग दल की जिला बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

राष्ट्रीय बजरंग दल के स्थापना दिवस को लेकर जिले में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन स्थानीय माता मंदिर परिसर में किया गया। बैठक में अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद एवं राष्ट्रीय बजरंग दल के पदाधिकारियों ने संगठन विस्तार, सांस्कृतिक जागरूकता और सेवा कार्यों को लेकर विस्तृत चर्चा की। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

बैठक में प्रांत से पहुंचे अंतर्राष्ट्रीय हिंदू परिषद के प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया तथा कार्यकारिणी प्रांत अध्यक्ष सुरेश आचार्य ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान स्थापना दिवस को जनसेवा और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से व्यापक रूप से मनाने का आह्वान किया गया। प्रांत महामंत्री संजीव पटेरिया ने कहा कि स्थापना दिवस के अवसर पर जिले भर में अधिक से अधिक स्थानों पर हनुमान चालीसा केंद्र पाठ आयोजित किए जाएं। साथ ही गरीब एवं जरूरतमंद लोगों की सहायता, अस्पतालों में फल वितरण तथा विभिन्न सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज के प्रति संगठन की जिम्मेदारी निभाई जाए। उन्होंने सभी तहसीलों में हनुमान चालीसा केंद्रों की शुरुआत करने पर विशेष जोर दिया।

कार्यकारी प्रांत अध्यक्ष सुरेश आचार्य ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल विस्तार करना नहीं, बल्कि समाज को अपनी संस्कृति और परंपराओं से जोड़ना भी है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ने और गांव-गांव तथा तहसील स्तर तक हनुमान चालीसा केंद्र संचालित करने का आह्वान किया।

## स्वस्थ आयु के लिए योग जरूरी

मुंगावली। नगर में 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वस्थ आयु के लिए योग थीम के तहत एक भव्य और गरिमामय सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्थानीय विद्यालय के हरे-भरे, पेड़-पौधों से आच्छादित और खुले प्रांगण में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों और गणमान्य नागरिकों ने हिस्सा लिया। खुली हवा और उपयुक्त वातावरण के बीच सभी ने योग के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे मुख्य अतिथियों के आगमन और उनके संबोधन के साथ हुई। आयोजन स्थल पर लगाई गई बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से कोलकाता में आयोजित राष्ट्रीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण दिखाया और सुनाया गया।

#### सामूहिक योगाभ्यास में शामिल हुए सैकड़ों नागरिक

### जिला स्तरीय आयोजन में जिले के गणमान्य नागरिक योग के आयोजन में हुए शामिल

# अंतरराष्ट्रीय विश्व योग दिवस पर जिले में अनेक जगह हुए योग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





शासन के निर्देशानुसार 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून के उपलक्ष्य में विश्व योग दिवस का जिला स्तरीय कार्यक्रम स्वामी विवेकानंद स्कूल में अशोकनगर में विधायक मुंगावली बृजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कलेक्टर साकेत मालवीय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, संयुक्त कलेक्टर बृजबिहारी लाल श्रीवास्तव, आर.बी.सिण्डोस्कर सहित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारीगण, गणमान्य नागरिक एवं स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वस्थ्य शरीर के लिए योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनायें। जिससे मन,मस्तिष्क एवं शरीर का संतुलन बेहतर रहता है। योग से शरीर के साथ मन भी स्वस्थ रहता है। उन्होंने कहा कि केवल एक दिन नहीं प्रतिदिन योग करें,यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। कार्यक्रम में योग दिवस के अवसर पर देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन का लाईव प्रसारण किया गया। जिसे उपस्थित जनों द्वारा देखा एवं सुना गया।

भारतीय संस्कृति की अनमोल धरोहर और वैश्विक पहचान बन चुका अंतरराष्ट्रीय योग दिवस रविवार को पर्यटन नगरी चंदेरी में अभूतपूर्व उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। स्वस्थ आयु के लिए योग के वैश्विक ध्येय (थीम) को आत्मसात करते हुए नगर के ऐतिहासिक और पुरातात्विक स्थलों पर सामूहिक योगाभ्यास के भव्य आयोजनों ने चंदेरी को योगमय आभा से सराबोर कर दिया। सुबह की पहली किरण के साथ ही चंदेरी की प्राचीन दीवारें और प्रांगण ओम की सामूहिक ध्वनि से गुंजायमान हो उठे।

#### इतिहास और अध्यात्म का अनूठा संगम

चंदेरी के वैश्विक आकर्षण का केंद्र रहे बादल महल, पुरातात्विक संग्रहालय, ऐतिहासिक किला कोठी एवं भव्य कुशक महल में सामूहिक योगाभ्यास के मुख्य आयोजन संपन्न हुए। स्थापत्य कला के इन बेजोड़ प्रतीकों के बीच जब सैकड़ों साधकों ने एक लय में प्राणायाम और योगासनों का अभ्यास किया,तो वहाँ इतिहास और अध्यात्म का एक अलौकिक संगम जीवंत हो उठा। इस गौरवमयी पल के साक्षी बनने के लिए स्थानीय नागरिकों,युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों ने विभिन्न आयोजन स्थलों पर अत्यंत उत्साह के साथ सहभागिता की।

जिला न्यायालय परिसर, अशोकनगर में योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, अशोकनगर सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन एवं उपस्थिति में संपन्न हुआ। योग शिविर में जिला न्यायालय के समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायालय कर्मचारीगण ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। शिविर का संचालन योगाचार्य शिव सिंह रघुवंशी योगीनिर्दोष द्वारा किया गया, जिन्होंने उपस्थित जनों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया तथा योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सतीश चन्द्र शर्मा ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नियमित योगाभ्यास से तनाव में कमी आती है, कार्य क्षमता बढ़ती है तथा स्वस्थ जीवनशैली का निर्माण होता है। योगाचार्य शिव सिंह रघुवंशी योगीनिर्दोष द्वारा बताया गया कि वर्तमान समय की व्यस्त जीवनशैली एवं बढ़ते तनाव के बीच योग स्वास्थ्य संरक्षण का प्रभावी माध्यम है। योग के माध्यम से व्यक्ति न केवल शारीरिक रूप से स्वस्थ रह सकता है।